# राजकीय महाविद्यालय डैहर
# जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

**प्रथम वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह**

**मुख्य अतिथि**

**डॉ. जे. पी. सिंह**

**प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय डैहर**

**वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025**

**दिनांक : 12 फरवरी, 2025**


प्रस्तुति

डॉ. सन्या
कुमारी

सहायक प्रोफेसर (हिंदी)


**राजकीय महाविद्यालय डैहर**

**जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**
**प्रथम पारितोषिक वितरण समारोह**
**वार्षिक प्रतिवेदन**
**सत्र : 2024-2025**

महोदय,

आज हमारे लिए अतीव हर्ष व गर्व का विषय है कि राजकीय महाविद्यालय डैहर प्रथम वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी का यहाँ पधारने पर हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करती हूँ। आज हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि मुख्याथिति के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जे पी. सिंह विराजमान हैं । महोदय, आपका जन्म 08 फरवरी,1968 को सरकाघाट में हुआ है । आपने राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट से बी.ए., हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय से एम. ए.,एम फ़िल,पीएच डी. की । सन 1995 में आप सहायक प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) के तौर में राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में नियुक्त हुए । तब से लेकर आज तक आप सात महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दे चुके हैं । इसके अलावा आपने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर, बी.एड., वी. वॉक के संयोजक और उच्च शिक्षा संस्थान,मंडी के सदस्य के रूप में सेवाएँ दी हैं । अगस्त 2023 में आप सह- प्रोफेसर से पदोन्नत होकर प्राचार्य बन गए और राजकीय महाविद्यालय डैहर में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं । आपके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में महाविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है । श्रीमान जी, आपके कार्यकाल में महाविद्यालय पहला वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित कर रहा है । जिसके लिए आप बधाई के पात्र हैं । आपके ही मार्गदर्शन में महाविद्यालय में प्रथम एथलेटिक मीट, पहला राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर तथा एस ए आर की टीम द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण संपन्न हुआ । इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं ।

**परिचय**

राजकीय महाविद्यालय डैहर को 31 जनवरी, 2017 को अधिसूचित किया गया और इसे राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय डैहर के भवन में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। राजकीय महाविद्यालय डैहर एक सह-शैक्षणिक संस्थान के रूप में रहा है जो ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यर्थियों को मंच प्रदान करता है । महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता, कौशल विकास, चारित्रिक निर्माण के लिए सीखने के अवसर और प्रतिबद्धता प्रदान करता है । महाविद्यालय विद्यार्थियों में मूल्यों को विकसित करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है । सतलुज नदी का उन्मुक्त प्रवाह यहाँ के शिक्षकों और विद्यार्थियों को सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है । यहाँ की अधिष्ठात्री माँ शीतला का आशीर्वाद हमेशा महाविद्यालय पर बना रहता है ।

## प्रवेश विवरण :

महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 कला और वाणिज्य संकाय की प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की कक्षाएं चल रही हैं जिसमें 135 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिसमें 19 छात्र और 116 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है -

| Stream | Class wise/Streamwise Enrolment | General | | SC | | ST | | OBC | | Total Boys | Total Girls | All |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | B | G | B | G | B | G | B | G | | | |
| Arts | B.A 1st Year | 02 | 23 | 05 | 05 | | | | 02 | 07 | 30 | 37 |
| | BA 2nd Year | 03 | 30 | | 02 | | | | 01 | 03 | 33 | 36 |
| | BA 3rd Year | 02 | 32 | 01 | 09 | | | | | 03 | 41 | 44 |
| | **Total** | **07** | **85** | **06** | **16** | | | | **03** | **13** | **104** | **117** |
| Commerce | B. Com 1st Year | 02 | 01 | | 01 | | | | | 02 | 02 | 04 |
| | B Com. 2nd Year | 02 | 03 | | | | | | | 02 | 03 | 05 |
| | B Com. 3rd Year | 02 | 03 | | 03 | | | | 01 | 02 | 07 | 09 |
| | **Total** | **06** | **07** | | **04** | | | | **01** | **06** | **12** | **18** |
| | **Grant Total** | **13** | **92** | **06** | **20** | | | | **04** | **19** | **116** | **135** |

## कर्मचारियों की स्थिति -

**शिक्षक वर्ग** : महाविद्यालय में कला संकाय के 5 और वाणिज्य संकाय के 2 पद सृजित हैं जिसमे कला संकाय का अर्थशास्त्र विभाग का पद रिक्त है ।

| क्र.सं. | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | कुल | |
| 1. | प्राचार्य | 1 | 1 | 1 | ---- |
| 2. | अंग्रेजी | 1 | 1 | 1 | --- |
| 3. | अर्थशास्त्र | 1 | ---- | 0 | 1 |
| 4. | इतिहास | 1 | ---- | 1 | ----- |
| 5. | राजनीतिशास्त्र | 1 | 1 | 1 | ----- |
| 6. | हिंदी | 1 | 1 | 1 | ---- |
| 7. | वाणिज्य | 2 | 2 | 2 | ---- |
| कुल योग | | 8 | 6 | 7 | 1 |

**गैर शिक्षक वर्ग** : महाविद्यालय में एक पद अधीक्षक ग्रेड -I, एक पद वरिष्ठ सहायक, पुस्तकालय अध्यक्ष का एक पद, लिपिक के 2 पद ,सेवादार के पाँच पद सृजित हैं जिसमें एक पद लिपिक और सेवादार का एक पद रिक्त है ।

| क्र.सं | पद नाम | | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|

| | | स्वीकृत पद | नियमित | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षक ग्रेड -II | 1 | 1 | 1 | --- |
| 2. | वरिष्ठ सहायक | 1 | 1 | 1 | --- |
| 3. | लिपिक | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 4. | सेवादार | 5 | ---- | 4 | 1 |

**स्थानान्तरण** : सेवादार श्रीमती नर्वदा देवी का स्थानांतरण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बखरौट तहसील करसोग जिला मंडी में हो गया ।

**कार्यभार ग्रहण** : सेवादार बालक राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलेली से स्थानांतरित होकर राजकीय महाविद्यालय डैहर में कार्यभार ग्रहण किया ।

**परीक्षा परिणाम** : वार्षिक परीक्षा परिणाम किसी भी शैक्षणिक संस्थान के चंहुमुखी विकास का परिचायक है । यह हमारे महाविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम संतोषजनक एवं विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम की प्रतिशतता से बेहतर रहता है। यह शिक्षकों के कठोर परिश्रम तथा विद्यार्थियों के गहन अध्ययन का परिणाम है । सत्र 2023-24 में बी. ए. तृतीय वर्ष में 38 विद्यार्थियों और बी.कॉम. तृतीय वर्ष में 6 विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा दी जिसमें सभी विद्यार्थी उतीर्ण रहे ।

**छात्रवृतियाँ**: शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत 3 विद्यार्थियों ने CENTRALLY SPONSORED POST MATRIC SCOLASHIP FOR SC STUDENTS-HIMACHAL PRADESH, 9 विद्यार्थियों ने PM YASASVI POST MATRIC SCHOLARSHIP FOR OBC,EBC AND DNT STUDENTS OF HAMACHAL PRADESH, 2 विद्यार्थियों ने INDIRA GANDHI UTKRISHT CHHATRAVRITI YOJNA- HIMACHAL PRADESH छात्रवृति के लिए आवेदन किया है । बी.ए. तृतीय वर्ष की सुषमा देवी और मोनिका कल्पना चावला छात्रवृति प्राप्त कर रहीं हैं

**केन्द्रीय छात्र परिषद्** : महाविद्यालय के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए और विद्यार्थियों की विभिन्न समस्यायों को महाविद्यालय तक पहुंचाने के लिए प्रतिवर्ष केन्द्रीय छात्र परिषद् का गठन किया जाता है । सत्र 2024-25 के लिए मनोनीत सदस्य निम्न हैं -

| क्र. सं. | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | सुषमा देवी | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 2. | उपाध्यक्ष | स्नेहा शर्मा | बी. कॉम. तृतीय वर्ष |
| 3. | सचिव | अकांक्षा ठाकुर | बी.ए. द्वितीय वर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | संयुक्त सचिव | पार्वती कौंडल | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| 5. | कक्षा प्रतिनिधि | शिवानी देवी | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 6. | कक्षा प्रतिनिधि | मीनाक्षी | बी. कॉम. तृतीय वर्ष |
| 7. | कक्षा प्रतिनिधि | प्रियंका ठाकुर | बी.ए. द्वितीय वर्ष |
| 8. | कक्षा प्रतिनिधि | ईशिका कुमारी | बी.ए. प्रथम वर्ष |

इसके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के लिए निम्नलिखित 10 सदस्य भी नामांकित किए गए-

| क्र. सं | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | ईको क्लब | सुमन कुमारी | बी.ए. द्वितीय वर्ष |
| 2. | ईको क्लब | मनीष कुमार | बी.ए.प्रथम वर्ष |
| 3. | रैड रिबन क्लब | मोनिका | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 4. | रैड रिबन क्लब | मोनिका | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 5. | एन एस एस | उमा देवी | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 6. | एन एस एस | अभिषेक ठाकुर | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 7. | खेलकूद | पायल | बी.ए. द्वितीय वर्ष |
| 8. | खेलकूद | अंजली | बी.कॉम.तृतीय वर्ष |
| 9. | कल्चरल | अनु देवी | बी.ए.द्वितीय वर्ष |
| 10. | कल्चरल | मोनिका वर्मा | बी.ए.प्रथम वर्ष |

**अभिभावक-शिक्षक संघ** : अध्यापकों-विद्यार्थियों-अभिभावकों के बीच संवाद कायम करने के उद्देश्य से अभिभावक-शिक्षक संघ का गठन प्रतिवर्ष किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग करता है बल्कि अपने बहुमूल्य सुझावों के द्वारा एक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण का निर्माण भी करता है । सत्र 2024-25 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है -

| क्र.सं. | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | श्री जगदीश चंद |
| 2. | उपाध्यक्ष | श्री रणजीत |
| 3. | सचिव | डॉ. सन्या कुमारी |
| 4. | सह- सचिव | श्री रूप लाल |
| 5. | मुख्य- सलाहकार | श्री घनश्याम |
| 6. | कोषाध्यक्ष | श्री जय प्रकाश |
| 7. | सदस्य | श्रीमती रीमा देवी |
| 8. | सदस्य | श्री बालक राम |
| 9. | सदस्य | सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा |
| 10. | सदस्य | डॉ शिवानी चौधरी |
| 11. | सदस्य | डॉ. जय किरण |

PTA Fund से एक सफाई कर्मचारी की सेवाएँ ली जा रही हैं ।

**द्विवार्षिक पत्रिका –** महाविद्यालय में द्विवार्षिक 'शतुद्री' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है जिसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना है । विद्यार्थी जिन भावों को अभिव्यक्त करने में असफल रहते हैं उन भावों को वे कविता ,कहानी आदि के माध्यम से व्यक्त करते हैं । महाविद्यालय की पत्रिका विद्याथिर्यों को उनके मन के भावों को अभिव्यक्त करने का एक मंच प्रदान करती है । संपादकों की पत्रिका की तैयारी में महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है । इस वर्ष विभिन्न संकायों के शिक्षक और छात्र संपादक का विवरण निम्न है –

| मुख्य सम्पादक : डॉ . सन्या कुमारी | | |
|---|---|---|
| अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक |
| अंग्रेजी | डॉ. शिवानी चौधरी | मंगला (बी.ए. तृतीय वर्ष ) |
| हिंदी | डॉ सन्या कुमारी | निर्मला देवी (बी.ए. तृतीय वर्ष ) |
| प्लानिंग फोरम | डॉ. मीरा शर्मा | स्नेहा शर्मा ( बी. कॉम.तृतीय वर्ष) |

**महाविद्यालय प्राध्यापकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां**

**प्रकाशन ( publication)**

- डॉ शिवानी चौधरी द्वारा लिखित 'Unsung Hero : Bhai Hirdaa Ram's Struggle story' शीर्षक से एक चैप्टर शशि पूनम औए संजीत सिंह द्वारा सम्पादित पुस्तक 'Unsung Heros of Himachal Pradesh : Freedom Struggle and Patriotism during Independence Day' (2024) में प्रकाशित हुआ ।

**सम्मेलन /शोध पत्र प्रस्तुति ( Conference/ research paper presentation)**

- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी) ने मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा बिहार द्वारा आयोजित 'प्रेमचंद को पढ़ते हुए....' में 'प्रेमचंद के उपन्यास 'गबन' में सांस्कृतिक समरसता' शीर्षक से 21-22 अगस्त, 2024 को द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी) ने ललित नारायण मिथिला विश्विद्यालय कामेश्वरनगर, दरभंगा, हिंदी विभाग द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय अस्मिता और दिनकर का साहित्य' में 'रामधारी सिंह दिनकर का सौन्दर्य दर्शन : 'उर्वशी' के सन्दर्भ में' शीर्षक से 23 सितम्बर,2024 को एक-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी) ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.) के आईक्यूएसी सेल के तत्त्वाधान में कला और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित 'The Impact of Sustainable Tourism in a Changing World : Challenge and Opportunities' विषय में 'भारतीय ज्ञान परम्परा व निर्गुण काव्य' शीर्षक से 27 सितम्बर,2024 को एक-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी) ने राजकीय महाविद्यालय सिराज (लम्बथाच) जिला मंडी (हि.प्र) ,द हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ़ कल्चर एंड हेरिटेज स्टडीज़,धामी और The Himalayan Conservation and Preservation Society, Los Angeles and Pennsylvania, USA द्वारा आयोजित 'Localizing Knowledge Formation : Towards Strengthening The Vernacular Voice(s)' विषय पर आधारित 18-19 अक्टूबर,2024 को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'सुधा ओम ढींगरा के कहानी संग्रह 'सच कुछ और था ....' शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर,जिला मंडी (हि.प्र.) के आईक्यूएसी सेल के तत्त्वाधान में कला और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित 'The Impact of Sustainable Tourism in a Changing World : Challenge and Opportunities' विषय पर आधारित को एक-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Consumer Perceptions towards Green Tourism in Himachal Pradesh: a Study on Sustainable Tourism Practices' शीर्षक से 27 सितम्बर,2024 को ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय रीजनल सेंटर धर्मशाला द्वारा 'Revisiting the Role of Women in Freedom Struggle of India' विषय पर 25 -26, अक्टूबर, 2024 को आयोजित राष्ट्रीय कांफ्रेंस (Hybrid Mode) में 'From Margin to Mainstream: Socio-Economic Impact of Women Entrepreneurship in contemporary India' शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने WGRC और आईक्यूएसी सैल राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरकवाडी) हमीरपुर द्वारा 'Role of Green Infrastructure in Promoting Environmental Sustainability' विषय पर आधारित 25 -26, नवम्बर, 2024 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस (Hybrid Mode) में 'Resilient Women ,Innovation Solutions & Sustainable ' शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

- डॉ. जय किरण सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान ) ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.) के आईक्यूएसी सेल के तत्त्वाधान में कला और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित 'The Impact of Sustainable Tourism in a Changing World : Challenge and Opportunities' विषय पर आधारित एक-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Role of Government in Promoting Sustainable Tourism : A study of Himachal Pradesh' शीर्षक से 27 सितम्बर,2024 को ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ. जय किरण सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) ने राजकीय महाविद्यालय सिराज (लम्बाथाच) जिला मंडी (हि.प्र) ,द हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ़ कल्चर एंड हेरिटेज स्टडीज़,धामी और The Himalayan Conservation and Preservation Society, Los Angeles and Pennsylvania, USA द्वारा 18-19 अक्टूबर,2024 को आयोजित 'Localizing Knowledge Formation : Towards Strengthening The Vernacular Voice(s)' विषय पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Empowering Women Through Vernacular Knowledge systems : A Case Study of Himachal Pradesh' शीर्षक से को शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ शिवानी चौधरी सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग) ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.) के आईक्यूएसी सेल के तत्त्वाधान में कला और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित 'The Impact of Sustainable Tourism in a Changing World : Challenge and Opportunities' विषय पर आधारित को एक-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Sustainable Tourism : Practices and Narrative in Shivya Nath's Shooting Star' शीर्षक से 27 सितम्बर,2024 को ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ शिवानी चौधरी सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय सिराज (लम्बाथाच) जिला मंडी (हि.प्र) ,द हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ़ कल्चर एंड हेरिटेज स्टडीज़,धामी और The Himalayan Conservation and Preservation Society, Los Angeles and Pennsylvania, USA द्वारा 18-19 अक्टूबर,2024 को आयोजित 'Localizing Knowledge Formation : Towards Strengthening The Vernacular Voice(s)' विषय पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Integrating the Indian Knowledge system and Vernacular Traditions to Improve Contemporary Education'' शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ शिवानी चौधरी सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग) ने जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फ़ाईन आर्ट्स, शिमला द्वारा 05-06 नवम्बर, 2024 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में 'Influence of Social Structure and Power Dynamic on Creation and Reception on Art' शीर्षक से शोध पात्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ निशु शर्मा सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य विभाग) ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.) के आईक्यूएसी सेल के तत्त्वाधान में कला और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित 'The Impact of Sustainable Tourism in a Changing World : Challenge and Opportunities' विषय पर आधारित को एक-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में

'Sustainable Tourism and Hotel Industries in Himachal Pradesh' शीर्षक से 27 सितम्बर,2024 को ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया |

- डॉ निशु शर्मा सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य विभाग) ने काठमांडू , नेपाल द्वारा 05-06 दिसम्बर, 2024 को आयोजित छठी ग्लोबल अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस (Hybrid Mode) में भाग लिया ।

**संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम /पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/कार्यशाला (FDP/Refresher Course/Workshop/ STC)**

- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी) ने क्रिस्तु जयंती महाविद्यालय (स्वायत्त) बेंगलुरु के हिंदी विभाग द्वारा 23 सितम्बर से 28 सितम्बर,2024 तक 'दलित साहित्य की वैचारिकता' विषय पर आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में भाग लिया ।
- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी) ने मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय,दिल्ली विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति व आईक्यूएसी के तत्त्वाधान से 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर,2024 तक 'साहित्य का रचनाकर्म' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला में भाग लिया |
- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी) ने भारतीय हिंदी प्राध्यापक परिषद द्वारा 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर,2024 तक 'सिनेमा अध्ययन एवं कौशल संवर्धन कार्यशाला' विषय पर आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला में भाग लिया |
- डॉ. सन्या कुमारी सहायक प्रोफेसर (हिंदी ) ने Nucleus of learning and Development के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा 23-28 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित 'Harnessing AI Tools : A Step Towards teaching Approach' ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में भाग लिया |
- सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मालवीय मिशन प्राध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत , श्रीराम वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा 18-27 नवम्बर, 2024 तक आयोजित 'NEP 2020 Orientation & Sensitization Programme, संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में भाग लिया |
- सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने यूजीसी-मालवीय मिशन प्राध्यापक प्रशिक्षण केंद्र ,पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के द्वारा 15-28, जनवरी, 2025 तक आयोजित वाणिज्य विषय के ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (refresher course) में भाग लिया |
- डॉ. जय किरण सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) ने इलाहबाद विश्वविद्यालय ,यूजीसी-मालवीय मिशन प्राध्यापक प्रशिक्षण केंद्र (मानव संसाधन विकास केंद्र) द्वारा 18 नवम्बर से 01 दिसम्बर,2024 तक आयोजित राजनीति विज्ञान के ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (refresher course) में भाग लिया ।

- डॉ. जय किरण सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) ने GNVS Institute of Management, Mumbai द्वारा 06-11 जनवरी, 2025 तक आयोजित 'Indian Knowledge System : An Introduction' विषय पर आधारित संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में भाग लिया ।
- डॉ. जय किरण सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) ने इलाहबाद विश्वविद्यालय ,यूजीसी-मालवीय मिशन प्राध्यापक प्रशिक्षण केंद्र (मानव संसाधन विकास केंद्र) द्वारा 21-27 अक्टूबर,2024 तक आयोजित ' Entrepreneurship and Leadership Skills' विषय पर आधारित Short Term Course में भाग लिया ।
- डॉ. शिवानी चौधरी सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग ) ने इलाहबाद विश्वविद्यालय, यूजीसी-मालवीय मिशन प्राध्यापक प्रशिक्षण केंद्र (मानव संसाधन विकास केंद्र) द्वारा 21-27 अक्टूबर,2024 तक आयोजित ' Entrepreneurship and Leadership Skills' विषय पर आधारित Short Term Course में भाग लिया |
- डॉ. शिवानी चौधरी सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग ) ने Nucleus of learning and Development के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा 23-28 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित 'Harnessing AI Tools : A Step Towards teaching Approach' ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में भाग लिया |
- डॉ. शिवानी चौधरी सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग ) ने बी.आर.बी. वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा 30 दिसम्बर, 2024 से 04 जनवरी 2025 तक आयोजित 'Indic Local Governance : The Indigenous Roots' संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में भाग लिया |
- डॉ. निशु शर्मा प्रोफेसर (वाणिज्य विभाग) ने यूजीसी-मालवीय मिशन प्राध्यापक केंद्र ,पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के द्वारा 15-28, जनवरी, 2025 तक आयोजित वाणिज्य विषय के ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (refresher course) में भाग लिया |
- सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने महाराजा अग्रसेन विश्विद्यालय, बद्दी में पीएच.डी. में प्रवेश लिया ।

- सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा (वाणिज्य विभाग) और डॉ. शिवानी चौधरी सहायक प्रोफेसर ने विभागीय परीक्षा पास की ।

**खेलकूद प्रतियोगिता** : महाविद्यालय में खेलकूद प्रभारी सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा हैं ।

- महाविद्यालय के महीला वॉलीबॉल टीम ने राजकीय महाविद्यालय भोरंज, हमीरपुर में 15-17 अक्टूबर,2024 को आयोजित अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया ।
- 14 दिसम्बर 2024 को महाविद्यालय में प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर,400 मीटर,

लम्बी कूद, ऊँची कूद और शॉटपट प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया ।

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई :** महाविद्यलय को वर्ष 2023 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की आधी इकाई मिली है जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 50 विद्यार्थी पंजीकृत हैं । डॉ. जय किरण राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर हैं जिनके मार्गदर्शन में स्वयं सेवी समाज तथा राष्ट्र सेवा की ओर अग्रसर होते हैं । इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा निम्न गतिविधियां करवाई गई:-

- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 26 जुलाई,2024 को कारगिल दिवस मनाया गया जिसमें कारगिल युद्ध में शहीद वीर सैनिकों को याद कर श्रद्धांजलि दी ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 17 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर , डैहर बाजार तथा गोद लिए गाँव अलसू में जाकर श्रमदान दिया । रैली,नारा लेखन और पोस्टर के माध्यम से स्थनीय लोगों को अपने आस-पास के परिवेश को साफ़-सुथरा रखने का संदेश दिया ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 24 सितम्बर,2024 राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 26 नवम्बर,2024 संविधान दिवस मनाया गया ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 16 नवम्बर, 2024 भगवान बिरसा मुंडा जयन्ती मनाई गई ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 03 दिसम्बर, 2024 को आउटरीच प्रोग्राम के तहत 'द विकसित भारत क्विज चैल्लेंज' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 21-27 दिसम्बर,2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया । इस विशेष शिविर में स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर , राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डैहर परिसर आस-पास के क्षेत्रों, कोट गाँव की बावड़ी तथा गोद लिए गाँव अलसू में साफ़-सफाई की । विभिन्न संसाधन व्यक्तियों के माध्यम से विविध विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त की ।

**रैड रिबन क्लब :-** महाविद्यालय में रैड रिब्बन क्लब का गठन किया गया है जिसमें 50 विद्यर्थियों को नामांकित किया गया है। इस क्लब के संयोजक सहायक प्रोफेसर मीरा शर्मा हैं । इस वर्ष रैड रिब्बन क्लब द्वारा निम्न गतिविधियों को किया गया:

- रैड रिब्बन क्लब के द्वारा 12 अगस्त,2024 को अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया जो कि " From Clicks to Progress: Youth Digital Pathways for Sustainable

Development" पर केन्द्रित था । इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

- रैड रिब्बन क्लब द्वारा 27 अगस्त, 2024 को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें रैड रिब्बन क्लब के लिए अध्यक्ष,उपाध्यक्ष ,सचिव और संयुक्त सचिव का चुनाव किया गया ।
- रैड रिब्बन क्लब के द्वारा 30 अगस्त ,2024 को "Celebrating Healthy life" पर विशेष व्याख्यान और महाविद्यालय परिसर में फ़्लैश मॉब गतिविधि करवाई गई जिसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और एच आई वी / एड्स के साथ नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था ।
- रैड रिब्बन क्लब के द्वारा 01 अक्टूबर 2024 को एच आई वी / एड्स के बारे में जागरूक करने के लिए गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया जिसमें सिविल हॉस्पिटल सुंदरनगर के ICTC Counsellor श्रीमती मनीष प्रभा ने विद्यार्थियों को एच आई वी / एड्स के लक्षण और बचाव की महत्त्वपूर्ण जानकारी दी ।
- प्रतिवर्ष 01 दिसम्बर को मनाए जाने वाले एच आई वी / एड्स के अवसर पर रैड रिब्बन क्लब के द्वारा 'Take The Right, Path : My Health, My Right ' थीम के तहत तीन दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । 02 दिसम्बर, 2024 को एच आई वी / एड्स के उपलक्ष पर पोस्टर मेकिंग, भाषण, नारा लेखन स्लोगन चान्टिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई ।
- रैड रिब्बन क्लब के द्वारा 06 दिसम्बर, 2024 को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई ।
- रैड रिब्बन क्लब के द्वारा 21 दिसम्बर, 2024 को एच आई वी / एड्स पर एक जागरूकता वार्ता आयोजित की गई जिसमें सिविल हॉस्पिटल सुंदरनगर के ICTC Counsellor श्रीमती मनीष प्रभा ने विद्यार्थियों को एच आई वी / एड्स से सम्बंधित कारणों, संचरण के जोखिम कारकों सहित प्रभावी एच आई वी / एड्स रोकथाम, निदान,उपचार तथा देखभाल तक पहुँच जीवन रक्षक एंटीरेट्रो वायरल (ART) उपचार के बारे में बताया ।

**सड़क सुरक्षा क्लब :** महाविद्यालय में सडक सुरक्षा क्लब का गठन 2022 में किया गया है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक कर उनके माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी प्रदान करना है । इस क्लब के संयोजक डॉ शिवानी चौधरी हैं । इस वर्ष सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा निम्न गतिविधियाँ करवाई गई-

- 22 नवम्बर, 2024 को सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए महाविद्यालय पसिसर से डैहर बाजार तक रैली का आयोजन किया गया जिसका प्रमुख उद्देश्य स्थानीय लोगों को यातायात

नियमों की जानकारी देना था । स्वयं सेवियों ने नारों और पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया । इसके साथ स्वयं सेवियों ने डैहर पुलिस चौकी का दौरा किया । चौकी प्रभारी योगेन्द्र सिंह ने स्वयं सेवियों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने तथा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने पर जोर दिया और डॉ.प्रतिभा चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल डैहर ने स्वयं सेवियों को गुड सेमेरिटन बनने का महत्त्व बताया ।

- 23 नवम्बर, 2024 को सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों से सम्बंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 23 नवम्बर, 2024 को सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन चान्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 30 नवम्बर 2024 को सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा रील और शॉर्ट वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 07 दिसम्बर,2024 को सड़क सुरक्षा क्लब की सात सदस्सीय टीम ने अलसू गाँव में नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत करवाया ।
- सत्र 2024-25 में 60 स्वय सेवियों ने सड़क सुरक्षा क्लब की विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । इनमें से 22 स्वयं सेवियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए चयनित किया गया है इन्हें आज पुरस्कृत किया जाएगा ।
- क्लब की विभिन्न गतिविधियों की मीडिया कवरेज के लिए दिव्य हिमाचल के संवाददाता श्री गगन शर्मा का बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब** : महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मत और मतदान अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए इस क्लब का गठन किया गया है जिसके संयोजक डॉ जय किरण हैं । इस वर्ष क्लब की गतिविधियाँ निम्न हैं -

- इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के द्वारा 13 नवम्बर, 2024 को स्वीप के साथ मिलकर महाविद्यालय के मतदान योग्य विद्यार्थियों के मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए आवेदन पत्र भरवाए गए । पात्र 19 विद्यार्थियों ने मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया ।
- इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के द्वारा महीने के तीसरे शनिवार को मतदाता जागरूकता गतिविधि करवाई जाती हैं ।

**करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल** : महाविद्यालय के विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न अवसरों और संभावनाओं से अवगत करवाने के लिए सैल का गठन किया गया है । डॉ सन्या कुमारी इस सैल के समन्वयक हैं । करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल की इस वर्ष की गतिविधियाँ निम्न हैं -

- करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के द्वारा अंग्रेजी विभाग के साथ मिलकर 09-10 अक्टूबर, 2024 को महाविद्यालयी स्तर पर ' कम्युनिकेशन स्किल्स' पर दो

दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के विविध पहलुओं से अवगत करवाया । दूसरे दिन वर्तमान समय की शिक्षा प्रणाली, ड्रग एब्यूज व साइबर क्राइम पर ग्रुप डिस्कशन किया गया । साथ ही मॉक इंटरव्यू करवाए गए ।

- करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के द्वारा 06 दिसम्बर, 2024 को स्पेशल टॉक का आयोजन किया गया जिसमें भविष्य में करियर की सम्भावनाओं के बारे में बताया गया । साक्षात्कार के समय पूछे जाने वाले संभावित प्रश्नों के उत्तर कैसे दें, इसके बारे में जानकारी दी गई ।
- करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के द्वारा 06 दिसम्बर, 2024 को सी टी यू लुधियाना के श्री रोबिल साहनी ने विशेष व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य में करियर की सम्भावनाओं के बारे में विस्तार से बताया ।

**इको क्लब** : डॉ निशु शर्मा इको क्लब के संयोजक हैं । सत्र 2024-25 में इको क्लब के द्वारा निम्न गतिविधियाँ करवाई गई :-

- इको क्लब के द्वारा 17 अगस्त, 2024 को पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक जिम्मेवारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन महोत्सव 2024 के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया ।

सत्र 2024-25 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है ।

अंततः में मुख्य अतिथि महोदय, गणमान्य अतिथियों और विद्यार्थीगण का एक बार पुनः हमारे बीच उपस्थित होने के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करती हूँ । आप सभी ने यहाँ आकर इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया है । पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई । जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाएं हैं उनके लिए भविष्य में प्रयत्नशील रहने की कामना करती हूँ । हमें आशा है कि आप अपनी मंजिल अवश्य प्राप्त करेंगे तथा देश,समाज तथा समस्त मानवजाति कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहेंगे ।

**धन्यवाद !**